अमर उजाला 04/02/2024

विद्यार्थियों को बताए कॅरिअर के विकल्प

जीएमएन कॉलेज में कॅरिअर काउंसलिंग कार्यक्रम के बाद आभार जताते आयोजक। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में करियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल की ओर से स्नातक के बाद करियर विकल्प विषय पर विशेष व्याख्यान कराया। इसका आयोजन प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर जिला विकास और पंचायत विभाग से डॉ. रामचंद्र पूनिया ने शिरकत की।

उनका कॉलेज पहुंचने पर डॉ. केके पूनिया और डॉ. अनुराधा ने स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्यातिथि का आभार जताया। मुख्य वक्ता डॉ. रामचंद्र पूनिया ने बेहद ही सरल भाषा में विद्यार्थियों को कॅरिअर के विभिन्न विकल्पों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दौरान किस तरह आत्मविश्वास के साथ मुश्किल प्रश्नों का सामना करें मंच संचालन डॉ. केके पूनिया ने किया और धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. नेहा ने प्रेषित किया।

कॉमर्स विषय में उद्यमी बनने की अपार संभावनाएं

साहा। साहा के राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय में कॉमर्स विभाग की ओर से व्याख्यान कराया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छावनी से प्रोफेसर डॉ. रविकांत ने दो विषयों पर बातचीत की।

डॉ. रविकांत ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ही नहीं पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए कॉमर्स विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस विषय में रोजगार की बहुत संभावनाएं होती हैं।